**कार्यालय आयुक्त**
**आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास**
**ब्लॉक डी इन्द्रावती भवन नवा रायपुर अटल नगर, छत्तीसगढ़**

क्रमांक / प्रयास / 114 / 2021–22 / 3639 नवा रायपुर, दिनांक 17 / 09 / 2021

**संक्षिप्त विज्ञप्ति**

**प्रयास बालक / कन्या आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2021–22 में कक्षा 9वीं में प्रवेश की सूचना**

––000––

स्व. राजीव गांधी बाल भविष्य सुरक्षा प्रयास आवासीय विद्यालय संशोधित नियमावली–2020 अनुसार प्रदेश के आदिवासी उपयोजना क्षेत्र तथा नक्सल पीड़ित / प्रभावित श्रेत्रों के शालाओं से कक्षा 8वीं उत्तीर्ण प्रतिभावान् विद्यार्थियों के उत्कृष्ट एवं गुणवत्तापूर्ण स्कूली–शिक्षा के साथ–साथ राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं (इंजीनियरिंग, मेडिकल एवं सी.ए.सी.एस.,क्लैट इत्यादि) से संबंधित प्रवेश परीक्षाओं में सफल होने के योग्य बनाने हेतु यह विद्यालय स्थापित किया गया है।

सत्र 2021–22 में इन विद्यालयों में प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश दिया जाना है। इस हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत करने एवं प्रवेश परीक्षा की तिथि निम्नानुसार है :–

| | |
|---|---|
| **आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि** | **– 04.10.2021 (जिले के सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कार्यालय में)** |
| **प्रवेश परीक्षा की तिथि** | **– 10.10.2021 (रविवार) प्रातः 10:30 से 01:00 बजे तक** |

इस हेतु आवेदन पत्र एवं अन्य जानकारी विभागीय वेबसाइट www.tribal.cg.gov.in एवं जिले के सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

**(श्रीमती शम्मी आबिदी)**
**आयुक्त**
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)

c:\users\acer\desktop\praya 9th admi. 20-21.docx 2

कार्यालय आयुक्त
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
ब्लॉक डी इन्द्रावती भवन नवा रायपुर अटल नगर, छत्तीसगढ़

क्रमांक / प्रयास / 114 / 2021–22 / 3640 नवा रायपुर, दिनांक 17 / 09 / 2021

**विज्ञप्ति**

**प्रयास बालक / कन्या आवासीय विद्यालयों में (शैक्षणिक सत्र 2021–22) के कक्षा 9वीं में प्रवेश की सूचना**

स्व. राजीव गांधी बाल भविष्य सुरक्षा प्रयास आवासयी विद्यालय योजना (संशोधित) नियमावली 2020 अंतर्गत प्रदेश के आदिवासी उपयोजना क्षेत्र तथा नक्सल पीड़ित / प्रभावित क्षेत्रों में स्थित शालाओं से पूर्व माध्यमिक (कक्षा 8वीं) उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए गुणवत्तापरक माध्यमिक तथा उच्चतर माध्यमिक शिक्षा एवं इस स्तर पर राज्य / राष्ट्रीय स्तर की होने वाली (इंजीनियरिंग, मेडिकल, सी.ए.सी.एस. क्लैट इत्यादि) प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने हेतु प्रयास आवासीय विद्यालय स्थापित किए गए है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी हेतु संशोधित नियमावली–2020 विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध है।

वर्तमान में निम्नांकित प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा के माध्यम से चयन किया जाना है। प्रयास विद्यालयों में रिक्त सीटों की संख्या निम्नानुसार है :–

| क. | संस्था / जिला | सीट संख्या (परिवर्तनशील) | | |
|---|---|---|---|---|
| | | बालक | बालिका | योग |
| 1 | प्रयास बालक आवासीय विद्यालय, सड्डू रायपुर | 200 | . | 200 |
| 2 | प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय, गुढ़ियारी रायपुर | . | 155 | 155 |
| 3 | प्रयास बालक / कन्या आवासीय विद्यालय, बिलासपुर | 75 | 50 | 125 |
| 4 | प्रयास बालक / कन्या आवासीय विद्यालय, दुर्ग | 75 | 50 | 125 |
| 5 | प्रयास बालक / कन्या आवासीय विद्यालय, बस्तर | 75 | 50 | 125 |
| 6 | प्रयास बालक / कन्या आवासीय विद्यालय, अंबिकापुर | 75 | 50 | 125 |
| 7 | प्रयास बालक / कन्या आवासीय विद्यालय, कांकेर | 50 | 50 | 100 |
| 8 | प्रयास बालक / कन्या आवासीय विद्यालय, कोरबा | 50 | 50 | 100 |
| 9 | प्रयास बालक / कन्या आवासीय विद्यालय, जशपुर | 50 | 50 | 100 |
| योग | | 650 | 505 | 1155 |

## 1. योजना अंतर्गत प्रवेश हेतु शामिल क्षेत्र :–

प्रयास विद्यालयो में प्रवेश हेतु होने वाली परीक्षा में निम्नांकित क्षेत्र के विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं –

1. प्रदेश के सम्पूर्ण अनुसूचित क्षेत्र में स्थित शासकीय / अशासकीय शालाएं।
2. नक्सल प्रभावित (केवल LWE) घोषित ऐसे जिले अथवा नक्सल प्रभावित जिले के ऐसे भू–भाग जो अनुसूचित क्षेत्र में शामिल नहीं है वहां पर आदिवासी उपयोजना क्षेत्र में स्थित शासकीय / अशासकीय शालाएं ।
3. विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह (कमार, बैगा, बिरहोर, पहाड़ी कोरवा, अबूझमारिया, पण्डो तथा भुंजिया) के विद्यार्थियों हेतु, सम्पूर्ण प्रदेश क्षेत्र के रूप में मान्य होगा।

2. **प्रवेश में आरक्षण –**

अनुसूचित क्षेत्रों/उपयोजना क्षेत्रों में अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं सामान्य वर्ग हेतु निम्नानुसार सीटें निर्धारित होंगी–

1. अनुसूचित जन जाति .– 53%,
2. विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह (PVPTG) -04%
3. अनुसूचित जाति -13%,
4. अन्य पिछड़ा वर्ग – 20%,
5. सामान्य वर्ग –10%

**टीप–(I)** सीट रिक्त रहने पर अनुसूचित जाति तथा अनुसूचति जनजाति वर्ग परस्पर परिवर्तनशील होगा। इसी तरह अन्य पिछड़ा वर्ग एवं सामान्य वर्ग परस्पर परिवर्तनशील होगा।

3. **प्रयास आवासीय विद्यालयों में चयन हेतु मापदण्ड :–**

**(i)** विद्यार्थी को कंडिका (01) में शामिल क्षेत्र के किसी विद्यालय से सत्र 2020–21 में कक्षा 8वीं उत्तीर्ण होना चाहिए।

**(ii)** नक्सल हिंसा से सीधे प्रभावित परिवार के बच्चों पर उक्त प्रावधान लागू नहीं होगा अर्थात उन्हें संस्था में सीधे प्रवेश दिया जाएगा। नक्सल हिंसा से प्रभावित परिवार को संबंधित जिले के पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा।

4. **विद्यार्थियों के लिए चयन प्रक्रिया :–**

i. LWE (नक्सल हिंसा) से सीधे प्रभावित/पीड़ित परिवार के पात्र बच्चों को संस्था में सीधें प्रवेश की पात्रता होगी।
ii. प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रवेश परीक्षा हेतु यथा समय विज्ञप्ति राज्य/जिला स्तर पर प्रकाशित करायी जाएगी।
iii. सभी प्रयास विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा आयोजित की जाएगी। वर्श 2020–21 में कक्षा 8वीं उत्तीर्ण विद्यार्थी विभाग द्वारा प्रयास विद्यालयों में प्रवेश हेतु आयोजित प्राक्चयन परीक्षा में शामिल हो सकेंगे।
iv. विज्ञापन में प्रकाशित विवरण एवं शर्तों के अनुसार विद्यार्थी को अपना आवेदन प्रस्तुत करना होगा।
v. प्रवेश परीक्षा संबंधित जिला मुख्यालय पर आयोजित की जावेगी। परीक्षा केन्द्र का निर्धारण संबंधित जिले के कलेक्टर/सहायक आयुक्त द्वारा किया जाएगा।
vi. प्रवेश परीक्षा का आयोजन जिला कलेक्टर/सहायक आयुक्त द्वारा अपने निगरानी में कराया जायेगा।
vii. मूल्यांकन कार्य एवं मेरिट सूची तैयार करने का दायित्व आयुक्त द्वारा संचालित प्रयास विद्यायलयों मे से किसी एक विद्यालय को सौपा जायेगा अथवा वैकल्पिक व्यवस्था की जा सकेगी। प्राक्चयन परीक्षा हेतु प्रकिया का निर्धारण आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास द्वारा किया जायेगा।
viii. आवेदकों को संस्था में प्रवेश हेतु प्राथमिकता क्रम का विकल्प अपने आवेदन में देना होगा।
ix. प्रयास आवासीय विद्यालय का आबंटन चयनित विद्यार्थियों द्वारा अर्जित मेरिट तथा उनके द्वारा दिए गए विकल्प के प्राथमिकता क्रम से सीट उपलब्धता अनुसार किया जाएगा। इस हेतु विद्यार्थी या उसके पालक से प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु प्राथमिकता का विवरण लिखित में लिया जायेगा।

5. **शिक्षा का माध्यम एवं अध्यापन** :– प्रयास आवासीय विद्यालय में शिक्षण का माध्यम हिन्दी होगा। अध्यापन एवं कोचिंग का कार्य ''रूचि की अभिव्यक्ति'' के तहत आउट सोर्स से चयनित कोचिंग संस्था द्वारा कराया जायेगा।

6. **परीक्षा केन्द्र का कोड एवं रोल नंबर आबंटन :–** प्रवेश परीक्षा मे शामिल होने वाले विद्यार्थियों को छः अंको का रोल नबर दिया प्रदान किया जायेगा। प्रथम दो अंक जिले के कोड को प्रदर्शत करेगे, शेष चार अंक विद्यार्थी का रोल नंबर होगा। प्रत्येक जिला मुख्यालय हेतु निम्नानुसार कोड आबंटित किया गया है। कोरिया–10, सूरजपुर–11, सरगुजा–12, जशपुर–13, बलरामपुर–14, कांकेर–15, जगदलपुर–16, नारायणपुर–17, बीजापुर–18, दंतेवाड़ा–19, सुकमा–20, कोंडागांव–21, राजनांदगांव–22, महासमुन्द–23, गरियाबंद–24, बालोद–25, धमतरी–26, कबीरधाम–27, कोरबा–28, गौरेला पेण्ड्रा मरवाही–29, बिलासपुर 30 एवं रायगढ़ 31) मुख्यालय पर परीक्षा केन्द्र होगा।

**रोल नंबर हेतु :–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

7. **प्रश्न पत्र का पैटर्न :–** प्रश्न पत्र अंग्रेजी एवं हिन्दी दोनों माध्यम में होगा। प्रश्न पत्र की समयावधि दो घण्टा तीस मिनट होगा। प्रश्न पत्र कक्षा 8वीं स्तर के होगें। प्रश्न पत्र में विज्ञान के 20, गणित के 20, सामाजिक विज्ञान के 20, अंग्रेजी के 20, तथा हिन्दी और संस्कृत के 10–10 प्रश्न होंगे। इस प्रकार कुल 100 प्रश्न होंगे। प्रश्न बहुविकल्पीय होंगे। सही उत्तर को विद्यार्थी द्वारा **ओ.एम.आर.सीट के निर्धारित स्थान पर स्वयं निर्देशित स्थान पर निशान लगाना होगा।**

8. **प्रश्न पत्रों की सुरक्षा :–** संबंधित कर्मचारी प्रश्नपत्रों की प्राप्ति पश्चात् उसे सुरक्षा के साथ ले जाकर जिले के सहायक आयुक्त को सौपेंगे। सहायक आयुक्त द्वारा प्रश्न पत्रों की सुरक्षा के इंतजाम किए जाएंगे एवं परीक्षा दिनांक को तीन लोगों के जिसमें विद्यार्थी/विद्यार्थी के पालक तथा पर्यवेक्षक के समक्ष खोला जाएगा।

9. **परीक्षा हेतु केन्द्राध्यक्ष, पर्यवेक्षकों की नियुक्ति तथा मूल्यांकन के संबंध में :–** परीक्षा के सुव्यवस्थित संचालन हेतु केलक्टर द्वारा प्रेक्षक, केन्द्राध्यक्ष एवं पर्यवेक्षक नियुक्त किया जाएगा। इसमें यह ध्यान रखा जाए कि नियुक्त किए जा रहे कर्मचारी का रिश्तेदार परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो रहा हो। परीक्षा उपरांत ओ.एम.आर. सीट (उत्तर पुस्तिका) का सीलबंद लिफाफा केन्द्राध्यक्ष द्वारा उसी दिन जिले के सहायक आयुक्त को सौपा जाएगा। सहायक आयुक्त द्वारा मूल्यांकन करने के लिए राज्य स्तरीय मूल्यांकन केन्द्र के सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास रायपुर को सील बंद लिफाफा 12.10.2021 तक विद्यार्थियों की सूची सहित भेजने की व्यवस्था की जाएगी।

10. **महत्वपूर्ण सूचना :–**

(1) आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि —-04.10.2021 (जिले के सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय में)

(2) प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा की तिथि – 10.10.2021 (रविवार) प्रातः 10:30 से 01:00 बजे तक

(3) **स्व. राजीव गांधी बाल भविष्य सुरक्षा प्रयास आवासयी विद्यालय योजना (संशोधित) नियमावली 2020 मेंउल्लेखित नियम एवं शर्त लागू होंगे।**

(4) **परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों की सूची हार्ड एवं साफ्ट कापी में राज्य स्तरीय मूल्यांकन केन्द्र के सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास रायपुर को 08.10.2021 तक अनिवार्यतः उपलब्ध कराना होगा।**

आयुक्त महोदय के अनुमोदन पश्चात् वर्गवार मेरिट सूची विभागीय **वेबसाईट tribal.cg.gov.in** पर अपलोड की जावेगी। तदनुसार मेरिट कम में च्वाईस फिलिंग पश्चात प्रयास विद्यालयों में प्रवेश दिये जाने की कार्यवाही की जायेगी।

**(श्रीमती शम्मी आबिदी)**
**आयुक्त**
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)

पृ. क्रमांक/प्रयास/114/2021–22/3641 नवा रायपुर, दिनांक 17/09/2021

**प्रतिलिपिः–**

1. **सचिव,** छ.ग. शासन, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग, महानदी भवन, मंत्रालय नवा रायपुर (छ.ग.)।
2. **कलेक्टर,**जिला– कोरिया, सूरजपुर, सरगुजा, जशपुर, बलरामपुर, कांकेर, जगदलपुर, नारायणपुर, बीजापुर, दंतेवाड़ा, सुकमा, कोण्डागांव, राजनांदगांव, महासमुंद, गरियाबंद, बालोद, धमतरी, कबीरधाम, कोरबा, गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही, बिलासपुर तथा रायगढ़ (छ.ग.) की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
3. **सहायक आयुक्त,** आदिवासी विकास, जिला – कोरिया, सूरजपुर, सरगुजा, जशपुर, बलरामपुर, कांकेर, जगदलपुर, नारायणपुर, बीजापुर, दंतेवाड़ा, सुकमा, कोण्डागांव, राजनांदगांव, महासमुंद, गरियाबंद, बालोद, धमतरी, कबीरधाम, कोरबा, गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही, बिलासपुर तथा रायगढ़ (छ.ग.) को निर्देशित किया जाता है कि अपने जिला स्तर पर भी प्रचार–प्रसार करावें एवं स्कूलों तक सूचना भेजवाएं। सूचनार्थ एवं आव यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
4. **सहायक आयुक्त,** आदिवासी विकास, रायपुर, दुर्ग, कोरबा एवं बिलासपुर (छ.ग.) की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5. **प्रशासकीय अधिकारी,** प्रयास बालक/कन्या आवासीय विद्यालय, रायपुर, दुर्ग, सरगुजा, जशपुर, कोरबा, बस्तर, कांकेर एवं बिलासपुर (छ.ग.)।

**आयुक्त**
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
अटल नगर, नवा रायपुर (छ0ग0)

# स्व. राजीव गांधी बाल भविष्य सुरक्षा प्रयास आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र (2021–22)
# कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र

फोटो चस्पा करें

प्रति,

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास जिला ............................(छ.ग.)

रोल नंबर | | | | | | |

1. छात्र/छात्रा का नाम (हिन्दी में) : ..........................................
   (अंग्रेजी में) : ..........................................
2. जन्मतिथि : ..........................................
3. पिता का नाम : ..........................................
4. माता का नाम : ..........................................
5. पूर्ण पता : ..........................................
   ..........................................
   ..........................................
6. लिंग : पुरूष ☐ महिला ☐
7. जाति एवं वर्ग (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/सामान्य वर्ग) (प्रवेश के समय तक सक्षम अधिकारी का स्थाई जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा) : ..........................................
8. कक्षा 8वीं का प्राप्तांक (प्रतिशत/ग्रेड ) : ..........................................
   (कक्षा 8वीं उत्तीर्ण की अंक सूची संलग्न करें।)
9. वर्तमान में कक्षा 9वीं में अध्ययनरत् संस्था का नाम : ..........................................
10. पिता का व्यवसाय (कृषि/मजदूरी/शासकीय नौकरी) : ..........................................
    (यदि शासकीय सेवा में है, तो पद)
11. विद्यार्थी किस जिले का निवासी है : ..........................................
    (इस हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करें।)
12. परिवार में कुल कृषि भूमि है (एकड में) : ..........................................
13. जटिल/गंभीर बीमारी (यदि कोई हो तो) : ..........................................
    (प्रवेश के समय मेडिकल बोर्ड का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।)
14. फोन/मोबाईल नंबर : ..........................................
15. विद्यार्थी के आधार कार्ड का नम्बर : ..........................................
    (सत्यापित प्रति संलग्न करें)
16. क्या विद्यार्थी का परिवार नक्सल हिंसा से पीड़ित है : ..........................................
    (यदि हां तो पुलिस अधीक्षक का प्रमाण पत्र संलग्न करें)

**पालक/अभिभावक का हस्ताक्षर** **छात्र/छात्रा का हस्ताक्षर**

## प्रधानपाठक / प्राचार्य का सत्यापन

प्रमाणित किया जाता है कि श्री / कुमारी.............................................. पिता.......................................................वर्तमान में ........................................................................... विद्यालय के कक्षा .....................में अध्ययनरत है। विद्यार्थी द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी सत्य एवं सही हैं।

**प्राचार्य / प्रधानपाठक का पदमुद्रा**
**सहित हस्ताक्षर**

---

## प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं की प्रवेश परीक्षा में शामिल होने हेतु
## प्रवेश पत्र—सत्र (2021—22)

श्री / कुमारी ........................................ पुत्र / पुत्री श्री ........................................................ को प्रयास आवासीय विद्यालय, रायपुर में कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा के लिए परीक्षा केन्द्र ..........................................को रोल नंबर

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

आबंटित करते हुए परीक्षा में शामिल होने की अनुमति दी जाती है।

**कमांक / दिनांक : .................................**

**सहायक आयुक्त**
**आदिवासी विकास**
**जिला ......................(छ.ग.)**

---

## आवेदन पत्र की पावती

श्री / कुमारी .......................................... पुत्र / पुत्री श्री ....................................................... का आवेदन पत्र प्रयास आवासीय विद्यालय के कक्षा 9वीं में प्रवेश / चयन परीक्षा 2021—22 हेतु दिनांक .......................को प्राप्त हुआ।

**कमांक / दिनांक : .................................**

**हस्ताक्षर प्राप्तकर्ता एवं**
**पदनाम / पदमुद्रा**